दिन– बुधवार दिनांक– 05 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र अट्ठाईस फरवरी से हो रहा है शुरू। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी।

02. संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना की तर्ज पर बिहार में भी जातीय जनगणना कराए जाने की मांग की।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। अब तक लगभग चालीस करोड़ श्रद्धालु संगम में कर चुके हैं स्नान।

04. और, देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिहार की अंशिका कुमारी फाइनल में पहुंची। स्वर्ण पदक के लिए दीपिका कुमारी से कल होगा मुकाबला।

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र अट्ठाईस फरवरी से शुरू हो रहा है। यह सत्र अट्ठाईस मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी तीन मार्च को वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आम बजट पेश करेंगे।

---

संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना की तर्ज पर बिहार में भी जातीय जनगणना कराए जाने की मांग की है। जिससे यह पता चल सकेगा कि किस जाति की कितनी आबादी है। श्री गांधी ने आज पटना में स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दलित, ओबीस और आदिवासियों को उचित भागीदारी अभी तक नहीं मिल पायी है।

–––बाइट–––

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राहुल गांधी पर बिहार के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री सिन्हा ने दावा किया कि राज्य में कांग्रेस का जनाधार लगातार कम हो रहा है।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार के बजट में बिहार के विकास के लिए कई योजनाओं को मंजूरी दी गई है। श्री सिंह ने बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि बजट आवंटन में बिहार की हिस्सेदारी से राज्य में विकास की गति और तेज होगी।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हमेशा मेक इन इंडिया फेल ही दिखता है। उन्होंने कहा कि बिहार आज लालटेन युग से निकल कर पूर्ण विद्युतीकरण के युग में प्रवेश कर चुका है।

---

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा है कि वे अब तक किसी के सामने न झुके हैं और न आने वाले समय में झुकेंगे। श्री प्रसाद ने नालंदा में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए दावा किया कि तेजस्वी प्रसाद यादव अगले मुख्यमंत्री होंगे।

———बाइट———

---

और अब खबर महाकुंभ से...

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान करना दिव्य जुड़ाव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह वे भी भक्ति की भावना से भर गए। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि मां गंगा देशवासियों को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद देंगी। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट—

*प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नाव की सवार होकर त्रिवेणी संगम पहुंचे। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम त्रिवेणी घाट पर पूजा—अर्चना की। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और उसे संरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री ने तीर्थ स्थलों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री पिछले साल दिसंबर में प्रयागराज आए थे और उन्होंने साढे पांच हजार करोड़ रुपये की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। यह मेला 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलेगा और अब तक 39 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी आज महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाई। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री रिजिजू ने सभी श्रद्धालुओं से मेला प्राधिकरण के दिशा—निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया क्योंकि इसमें आने वालों की कुल संख्या अभूतपूर्व और अकल्पनीय है।

---

प्रयागराज स्थित महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिए कटिहार रेल मंडल की ओर से आज से दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाये जाने की घोषणा की गई है। डीआरएम सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह ट्रेन प्रयागराज होते हुए टूंडला तक जाएगी। ट्रेन चलने से पहले ही ट्रैन के सभी वर्गों के टिकट की बुकिंग हो चुकी है।

———बाइट———

इधर, पूर्व मध्य रेलवे की ओर से भी महाकुम्भ में शामिल हो रहे श्रद्धालुओं के लिए कल से सोलह कुम्भ मेला विशेष ट्रेन चलायी जायेगी। पूर्व मध्य रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इसके तहत आनंद विहार–पटना, नागपुर–दानापुर, रांची–टूंडला और भुवनेश्वर–टूंडला के बीच अलग–अलग तिथियों पर विशेष ट्रेन चलायी जायेंगी।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पच्चीस फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर पटना आयेंगी। इस दौरान वे पीएमसीएच के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। पीएमसीएच के प्राचार्य डॉक्टर विद्यापति चौधरी ने बताया कि राष्ट्रपति ने स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने की सहमति दे दी है। डॉक्टर चौधरी ने बताया कि राष्ट्रपति पीएमसीएच के पुनर्निर्माण के तहत तैयार पहले चरण के प्रशासनिक भवन का उद्‌घाटन भी करेंगी।

---

बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर गिरीश कुमार चौधरी ने कहा कि सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत परीक्षार्थियों को गुमराह करने के आरोप में तीन प्राथमिकियां दर्ज कराई गयी हैं। श्री चौधरी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाती है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि साक्षात्कार की प्रक्रिया में परीक्षार्थियों की पहचान किसी भी प्रकार से चयन समिति के समक्ष उजागर नहीं होती है।

———बाइट———

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मौसम में बदलाव को देखते हुये कल से इंटर की परीक्षा में परीक्षार्थियों के जूते–मोजे पहनकर आने पर रोक लगा दी है। बोर्ड की ओर से जारी सूचना के अनुसार एक फरवरी से शुरू हुई परीक्षा के लिए आज तक जूते–मोजे पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी गयी थी। गौरतलब है कि इंटर परीक्षा पन्द्रह फरवरी तक चलेगी। परीक्षा में लगभग तेरह लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

—————————————————

सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सीएचओ की ऑनलाईन परीक्षा में हुये फर्जीवाड़ा मामले में आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने मुख्य अभियुक्त आदित्य कुमार उर्फ अंशु को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र के महानंदपुर गांव से हुई। इस मामले में यह अड़तीसवीं गिरफ्तारी है।

—————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में एक दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है, जबकि अगले दो दिनों में राज्य के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट का पूर्वानुमान है। वहीं, राज्य के उत्तरी भागों के ग्रामीण क्षेत्रों में रात को कुहासा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, आज पश्चिम चंपारण का मोतिहारी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

—————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिहार की अंशिका कुमारी फाइनल में पहुंच गई हैं। अंशिका कुमारी ने सेमीफाइनल में झारखंड की यूथ वर्ल्ड चैंपियन और जूनियर वर्ल्ड चैंपियन कमौलिका बारी को छह–पांच से हराया। अंशिका कुमारी का कल स्वर्ण पदक के लिए दीपिका कुमारी से मुकाबला होगा मुकाबला। फाइनल मैच अपराह्न दो बजकर तीस मिनट पर खेला जाएगा।

—————————————————

अररिया जिले के अलग – अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अड़तालीस किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। वही, जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर छह फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास जिले के अगरेर थाना क्षेत्र के सासाराम–आरा पथ पर ऑटो सवार एक व्यक्ति से बाइक सवार अपराधियों ने रूपयों से भरा थैला छीन लिया। पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ अगरेर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

---

खगड़िया जिले के पसराहा थाना अंतर्गत बगुलवा ढाला के पास एन एच–इकतीस पर आज सुबह दो पिकअप वाहनों की टक्कर में एक महिला की मौत हो गयी। वहीं, तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

शेखपुरा जिले के सदर प्रखण्ड के कटारी ग्राम पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी का निधन हो गया। मुखिया शेखपुरा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व जदयू विधायक और शेखपुरा जदयू जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सोनी की मां हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र अट्ठाईस फरवरी से हो रहा है शुरू। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी।

02. संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना की तर्ज पर बिहार में भी जातीय जनगणना कराए जाने की मांग की।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। अब तक लगभग चालीस करोड़ श्रद्धालु संगम में कर चुके हैं स्नान।

04. और, देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिहार की अंशिका कुमारी फाइनल में पहुंची। स्वर्ण पदक के लिए दीपिका कुमारी से कल होगा मुकाबला।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।